संतोष कुमार मल्ल, भा.प्र.से.
आयुक्त
Santosh Kumar Mall, I.A.S.
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
दूरभाष : 91–11–26512579, फैक्स : 91–11–26852680
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016 (India)
Tel. : 91-11-26512579, Fax : 91-11-26852680
E-mail : kvs.commissioner@gmail.com, Website : www.kvsangathan.nic.in

संदेश

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं केन्द्रीय विद्यालय संगठन परिवार में कार्यरत सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर साथियों को हार्दिक शुभकामनायें एवं बधाई व्यक्त करते हुये आप सभी के मंगलमय जीवन की कामना करता हूँ ।

हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में महिलाओं का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है एवं उनको मानव समाज को संस्कारित करने की महती भूमिका में पूजनीय माना गया है । अपने स्वयं के जीवन में हमने उन्हें हर पल समर्पण व त्याग के स्वरूप में देखा है । महिलाओं को हमारी गौरवशाली परम्परा में एक तरफ प्रेम, वात्सल्य, करूणा, त्याग एवं संवेदना की प्रतिमूर्ति के रूप में स्थापित किया गया है, वहीं दूसरी ओर उनके शौर्य एवं पराक्रम की गाथाओं से भी हमारे इतिहास के पन्ने स्वर्णाक्षरों से रेखांकित हैं ।

केंद्रीय विद्यालय संगठन ने सदैव अपनी कक्षाओं में बालिकाओं को भारतीय संस्कृति की परम्पराओं में निहित मूल्यों से संस्कारित करने के साथ-साथ उन्हें एक सशक्त , सक्षम, एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में राष्ट्रनिर्माण की भूमिका हेतु तैयार किया है।

मैं इस अवसर पर पुनः हार्दिक शुभकामनायें देते हुए आप सभी के स्वस्थ व सुखमय जीवन की कामना करता हूँ।

धन्यवाद,

जय हिन्द ।

संतोष
8/3/18

(संतोष कुमार मल्ल)
आयुक्त